# चैट जीपीटी बना युवाओं की पहली पसंद

साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 11 जनवरी. आज का युवा सीखने के नए रास्ते चुन रहे हैं. पुस्तकें अब भी मौजूद हैं, लेकिन एआई ने पढ़ाई की दुनिया में एक नई गति ला दी है.**

युवा दिवस के अवसर पर युवाओं की पसंद जानने नवभारत द्वारा की गई एक पहल में 18 से 32 वर्ष तक के युवाओं ने बताया कि डिजिटल लर्निंग ही उनकी पहली पसंद बन रही है. एआई आधारित लर्निंग विषय पर युवाओं की पहली पसंद में चैट जीपीटी दौड़ में सबसे आगे है.




रिपोर्ट के अनुसार 18 से 32 वर्ष के युवाओं में 100 में से 58.1 प्रतिशत युवा नियमित पढ़ाई के लिए एआई टूल्स को पसंद कर रहे हैं. इतना ही नहीं परीक्षा के पहले रिवीजन के लिए भी 58 प्रतिशत युवाओं ने डिजिटल लर्निंग में एआई और चैट जीपीटी को अपनी पहली पसंद बताया. इसमें अगर प्लेटफार्म की बात करें तो करीब 64.5 प्रतिशत युवाओं द्वारा पढ़ाई के लिए चैट जीपीटी और 22.6 प्रतिशत युवाओं ने जेमिनी को उपयोगी बताया गया. युवाओं के अनुसार चैटजीपीटी के जरिए जानकारी तुरंत और सरल भाषा में मिल जाती है. इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार चैट जीपीटी केवल शिक्षा के बाद सर्च इंजन के रूप में भी सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाला टूल माना जा रहा हैं.

### एआई सीखने का एक अच्छा माध्यम



एआई सीखने का एक अच्छा माध्यम हो सकता है. इसके जरिए कई चीजें सरल, आसान शब्दों में कम समय में समझ सकते हैं. लेकिन इसे हमेंशा एक टूल की तरह इस्तेमाल करना चाहिए. न कि इस पर पूरी तरह से निर्भर होना चाहिए. इसके उपयोग में प्रश्नों के उतर की गुणवत्ता की जांच हमेशा जरुरी है. लेकिन कहीं न कहीं एआई पर बढ़ती निर्भरता के कारण मस्तिष्क का व्यायाम कम हो रहा है, जो कि लॉजिकल थिंकिंग में शिथिलिता का कारण हो सकती है.

**-डॉ दीपक सिंह तोमर,** हेड सेंटर ऑफ एआई, मैनिट



एआई का उपयोग असिस्टेंट के रूप में करना ठीक हैं, लेकिन इसे मास्टर की तरह उपयोग नहीं करना चाहिए. इस पर निर्भरता जितना कम हो, रखनी चाहिये. एआई के माध्यम से घंटों का काम थोड़े समय में किया जा सकता है. कठिन विषयों को आसानी से समझा जा सकता है. लेकिन डिजिटल युग में क्लासरूम लर्निंग को बेहतर बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों द्वारा भी एआई का इस्तेमाल करके पीपीटी प्रेजेंटेशन से लेकर क्लासरूम को और बेहतर संचालन में मदद ली जा सकती है. जो कि एक सकारात्मक प्रयास की तरह उभर सकता है.

**-डॉ राजेश कुमार दीक्षित,** एआई विशेषज्ञ, निटर



# राष्ट्रीय मंच पर एमपी की लोक संस्कृति का स्वर्णिम गौरव

**भोपाल , 11 जनवरी.** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2026 के अंतर्गत संपन्न राष्ट्रीय लोकगीत प्रतियोगिता में मप्र की लोकगीत टीम ने अपनी सशक्त, भावपूर्ण एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया. यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और युवा प्रतिभा की सशक्त अभिव्यक्ति का प्रतीक है. खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालक राकेश गुप्ता ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी.

## एक नजर में

### शहर में आज यातायात रहेगा परिवर्तित

**भोपाल.** सोमवार को दोपहर 2 बजे से मां हेमाम्बरा देवी माता मंदिर खेल मैदान अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) भोपाल विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा. कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था आवश्कतानुसार परिवर्तित रहेगा. नर्मदा अस्पताल से ओल्ड कैंपियन की ओर, 10 नंबर मटका तिराहा से ओल्ड कैंपियन की ओर, रविशंकर रोटरी से ओल्ड कैंपियन की ओर, महावीर द्वार से ओल्ड कैंपियन की ओर आने वाले मार्ग पर यातायात दबाव अधिक रहेगा. इन मार्गो पर व्यवसायिक यातायात का आवागमन दोपहर-2 बजे से परिवर्तित रहेगा.

### अवैध रूप से सट्टा खिलाने वाला अरेस्ट

**भोपाल.** बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से सट्टा खिलाने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है. मौके पर मिले नकद राशि और सट्टा पर्ची को बरामद किया गया है. रेलवे स्टेशन के पास पैसा कमाने के उद्देश्य से आरोपी धन सिंह मालवीय(40) अवैध रूप से सट्टा खिलाता है. आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने सट्टा पर्ची और नगद रुपये के साथ आरोपी को पकड़ा. इस दौरान घटना स्थल पर कोई और मौजूद नहीं था. आरोप है कि धन सिंह पिछले कई दिनों से सक्रिय होकर रेलवे स्टेशन के पास ही जुआ का अड्डा चला रहा था.

### खेत में खड़ी फसल काटकर की नष्ट

**भोपाल.** ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक किसान की खेत में खड़ी फसल को तीन लोगों ने काटकर नष्ट कर दिया. किसान का आरोप है कि पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने ऐसा किया है. बदला लेने की भावना से आरोपियों ने किसान को मारने की धमकी भी दी है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. इलाके के परवलिया सानी में रहने वाले पीड़ित किसान ओम बाबू जैन के साथ घटना हुई. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक महिला आरोपी जूनाबाई के साथ प्रकाश और राजा राजपूत ने पुराने विवाद को लेकर उनके खेत में खड़ी फसल को काट कर नष्ट कर दिया.

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल.** हबीबगंज थाना इलाके में एक युवक ने आत्महत्या कर ली. रविवार को पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी है. अरेरा कॉलोनी ई-6 में किराए के मकान में रहने वाले बिट्टू साहू (19) ने शनिवार को देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बिट्टू के आत्महत्या करने का कारण शुरूआती जांच में सामने आया है कि एक युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग था. दोनों पिछले कई महीनों से साथ में रहते थे. युवती के लिए बिट्टू ने अपने घर के लोगों का भी विरोध किया था और वह घर छोड़कर इलाके में युवती के साथ रहता था. बीते कुछ दिन पहले युवती बिट्टू को छोड़कर अपने परिवार के लोगों के पास चली गई थी.

# पराली से होगा स्मार्ट लाइट कंट्रोल

## हैक एंड मेक 2026 में दिखी युवाओं की तकनीक

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 11 जनवरी. राजधानी भोपाल में पहली बार आयोजित ट्राई ट्रैक नवाचार प्रतियोगिता हैक एंड मेक 2026 में युवाओं ने ऐसे आइडिया पेश किए, जो लोगों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं.**

आयोजन में राज्य के अलग-अलग शहरों से आए प्रतिभागियों ने अपनी सोच को प्रोटोटाइप में बदलकर दिखाया. प्रतियोगिता में सॉफ्टवेयर हार्डवेयर और एक्सपोर्ट आधारित तीनों ट्रैक एक साथ चलाए गए. 500 सौ से ज्यादा टीमों ने आवेदन किया. फिल्टर के बाद करीब 90 टीमें बारह घंटे की लगातार प्रक्रिया में शामिल हुईं. देश की जानी मानी टेक कंपनी बोट के को-फाउंडर अमन गुप्ता ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आइडिया को सोच में फंसने न दें, उसे तुरंत अमल में लाएं. कार्यक्रम एमएसएमई विभाग के सहयोग से हुआ. बीटेक की टीम प्राची जैन, आशुतोष तिवारी और सत्यम जायसवाल ने मोबाइल एप आधारित सिस्टम डेमो दिया. सेंसर से लैस यह मॉडल कमरे को खाली पाते ही कुछ सेकंड में लाइट और अन्य उपकरण बंद कर देता है. घर हो या दफ्तर दोनों जगह बिजली की बचत हो सकती है और सिस्टम दूर से भी चलाया जा सकता है.

### पराली का किया जाएगा उपयोग

श्रेय वर्मा की टीम ने कृषि अवशेष और टेक्सटाइल वेस्ट को बिल्डिंग मटेरियल में बदलने का तरीका दिखाया. खेती से निकलने वाली पराली को बायो वेस्ट मानने के बजाय इसका उपयोग प्लाई बोर्ड, पल्प, प्लेट और कागज बनाने में किया जाता है. इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी मिलती है और पेड़ों की कटाई के साथ प्रदूषण में भी कमी आती है.




# 17 तक रिमांड पर रहेगा राजू ईरानी

**2017 से फरार चल रहा था राजू**

**07 राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जनवरी. ईरानी गैंग के सरगना राजू ईरानी को रविवार को जिला कोर्ट में पुलिस ने पेश किया. कोर्ट ने 17 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है.**

निशातपुरा थाना पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच सूरत से लेकर उसे जिला कोर्ट पहुंची. कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस उसे लेकर थाने गई. शुरूआती पूछताछ में आरोपी राजू ने खुद को निर्दोष बताया है. उसने खुद को प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम करने की बात भी कही है. निशातपुरा थाना पुलिस चार मामलों में उसकी गिरफ्तारी की है. ाजू साल 2017 से फरार चल रहा था. उसे 7 राज्यों की पुलिस तलाश कर रही थी. गुजरात में उसकी लोकेशन मिलने पर सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया. राजू ईरानी ने प्रारंभिक पूछताछ में दावा किया है कि वह कई सालों से अपराधों से दूर है. ईरानी समाज के कुछ लोगों के गलत काम के चलते उसके नाम का इस्तेमाल किया गया है. राजू को लेकर पुलिस को यह भी जानकारी है कि वह बहुत ही शातिर है. खुद के बचाव के लिए कुख्यात बदमाश अपने बयान भी बदल रहा है. अपराध से जुड़े कामों में उसके नाम को लेकर उसका कहना है कि वह इससे दूर है. बता दें कि सूरत पुलिस ने शनिवार को राजू ईरानी को गिरफ्तार किया. भोपाल पुलिस को राजू की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर एक टीम उसे भोपाल लाने के लिए तुरंत रवाना हुई. रविवार को दोपहर बाद उसे भोपाल लाया गया. बदमाश राजू से उसके गुर्गों और ठिकानों को लेकर भी पुलिस जानकारी जुटा रही है. राजू ईरानी का नाम लूट, धमकी सहित अन्य आपराधिक साजिशों से जुड़ा है. उसके गैंग का नेटवर्क मप्र के साथ ही देश के अन्य राज्यों गुजरात, यूपी, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित राज्यों में फैला है. राजू की गिरफ्तारी को लेकर भोपाल पुलिस लगातार कोशिश में जुटी थी, जिसे अब गुजरात पुलिस ने दबोच लिया है.

> बदमाश राजू ईरानी के लंबे अपराधों की कई कड़ियां सामने आई है. लूट, हत्या का प्रयास, ठगी सहित मामलों को अंजाम देने के लिए वह वेश बदल कर अपराधों का अंजाम देता रहा है. उसके ही अपराध के रास्ते पर ईरानी डेरे के कई बदमाश भी चलते रहे हैं. राजू अपराधों को अंजाम देने के लिए साधु, आफिसर का चोला भी ओढ़ता था और पीड़ित के सामने रौब जमाते हुए वारदात को अंजाम देता था. अब बदमाश पुलिस की रिमांड पर है, जहां वह कई गुनाहों के राज भी उगल सकता है. ईरानी डेरे के सरगना राजू ईरानी की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने अन्य बदमाशों की तलाश भी तेज कर दी है. लंबे समय से फरार चल रहे अलग-अलग गैंग के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस को हाईवे लूट के मास्टरमाइंड काले ईरानी, मुख्तार ईरानी, सहेब अली, अली हैदर और सरताज की सरगर्मी से तलाश है.

# 'पुंगनूर' गाय बनी आकर्षण का केंद्र

**भोपाल में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष-2026**

**पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने लगाई विशेष प्रदर्शनी**

**भोपाल, 11 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.**




इसी क्रम में रविवार को जम्बूरी मैदान, भोपाल में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष-2026 के शुभारंभ अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी में गिर, साहीवाल, थारपारकर तथा आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध पुंगनूर गाय की प्रदर्शनी लगाई गई. पुंगनूर गाय विशेष आकर्षण का केंद्र रही. इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया गया. पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जम्बूरी मैदान में 5 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से किसानों और पशुपालकों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई.

## युवती के खिलाफ पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एक युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. भानपुर चौराहे पर पुलिसकर्मियों की तरफ से की जा रही कार्रवाई के दौरान युवती पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने और खुद का रौब झाड़ने का भी आरोप है. इलाके में शनिवार को देर रात जब पुलिस की टीम सड़क दुर्घटना के कार्य को पूरा कर रही थी. इस बीच आरती रजक नाम की युवती घटना स्थल पर पहुंची. आरती ने घटना का वीडियो शूट करना भी शुरू कर दिया था. आरती पर आरोप है कि वह लगातार पुलिस के काम में दखल दे रही थी.



**बोट लाइफ स्टाइल के कोफाउंडर ने सीएम से की भेंट**

**भोपाल , 11 जनवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में बोट लाइफ स्टाइल, मुम्बई के कोफाउंडर अमन गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुप्ता को जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 लागू की गई है जो युवाओं के लिए मददगार है. युवा उद्यमिता को मध्यप्रदेश में प्रोत्साहित किया जा रहा है. इस क्षेत्र में 47 प्रतिशत स्टार्टअप में महिला उद्यमी हैं, जो उल्लेखनीय है.

# बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल को मिला अच्छा प्रतिसाद

**10 से अधिक फिल्में जल्द बनेंगी : राज्यमंत्री लोधी**

**200 से अधिक प्रतिभागियों ने की सहभागिता**

**भोपाल , 11 जनवरी. बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से 10 फिल्म प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं. आने वाले समय में लगभग 10 फिल्में बुंदेलखंड में बनेगी.**



मुबंई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये बहुत सारे फिल्म प्रोड्यूसर ने इस कार्यक्रम में घोषणा भी की बुंदेलखंड में वे लोग फ़िल्में बनाएंगे, बुंदेलखंड में बुंदेली भाषा में फिल्में बनेगी, यह पहला प्रयास है और पहले ही प्रयास में इतना अच्छा प्रतिसाद मिला हैं, तो आने वाले समय मे बेहतर रिजल्ट सामने आएगा. इस आशय की बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने दमोह में बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के अवसर पर स्थानीय हॉटल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के समापन अवसर कही.

> इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, फिल्म जगत और बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता गोविंद नामदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, विवेक शैन्डेय, फिल्म अभिनेता राजकुमार रैकवार, मासाब भाव सिंह लोधी, राम तिवारी पर्यटन विभाग भोपाल, गोपाल पटेल, बुंदेलखंड फिल्म फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. अखिलेश निगम, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय डायरेक्टर संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे.

**आयोजन** वर्ल्ड रोज कन्वेंशन-2028, दो दिवसीय गुलाब प्रदर्शनी के समापन पर मंत्री कुशवाह ने कहा

# गुलाब नगरी के रूप में होगी भोपाल की नई पहचान

**भोपाल , 11 जनवरी. भोपाल शहर की नई पहचान गुलाब नगरी के रूप में होगी. इसके लिये वर्ल्ड रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग संयुक्त प्रयास करेगा. यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी के समापन अवसर पर कही.**

उन्होंने कहा कि जनवरी 2028 वर्ल्ड रोज कन्वेंशन भोपाल में आयोजित किया जायेगा, जिसमें 40 देशों से गुलाब विशेषज्ञ भाग लेंगे. इसमें गुलाब खेती, प्रदर्शनी, कार्यशालाएं और बागवानी पर नवाचारों में विषय-विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे. मंत्री कुशवाह ने कहा कि इस आयोजन में गुलाब उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये व्यवसायिक से लेकर शौकिया तौर पर बगीचे, टैरिस गार्डन या गमलों में पौधे रोपित करते हैं, उन्हें विभिन्न पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पर्यावरण के प्रति उनकी रूझान को बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में होने वाले वर्ल्ड रोज कन्वेंशन के लिये भोपाल शहरवासियों की सहभागिता से शासकीय और निजी उद्यानों को गुलाब उद्यानों के रूप में विकसित किया जायेगा.



> उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित गुलाब उद्यान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने का प्रयास किया जायेगा. इसके लिये आवश्यक संसाधनों की पूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जायेगी. उन्होंने लोगों से अपने घर आंगन में छोटे-छोटे उद्यान विकसित करने का आहवान किया. आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविंद दुबे ने इस भव्य आयोजन के लिये भोपालवासियों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है. इसमें उद्यानिकी विभाग द्वारा फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने की विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है. दुबे ने कहा कि फूलों का उत्पादन आज के दौर में रोजगार का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है.

# गोताखोरों और पुलिस ने गहरे पानी में से खोजा युवक का शव

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल. कमलापति आर्च ब्रिज से रविवार देर शाम एक युवक ने गहरे पानी में छलांग लगा दी. नगर निगम के गोताखोर और पुलिस की टीम ने युवक का रेस्क्यू किया, तब तक पानी में डूबने से युवक की मौत हो चुकी थी.**

- **कमलापति आर्च ब्रिज से लगाई थी छलांग**
- **जहांगीराबाद इलाके का रहने वाला था युवक**

मिली जानकारी के अनुसार देर शाम के समय एक युवक बडे तालाब के पास पहुंचा. वहां मौजूद लोगों के देखते- देखते युवक ने अचानक से पानी में छलांग लगा दी. पानी में डूबते युवक को देखते हुए लोगों ने शोर मचाया. घटना की सूचना तुरंत ही नगर निगम और पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने भी पानी में छलांग लगाई. मृतक की पहचान 17 वर्षीय नीरज के रूप में हुई. वह जहांगीराबाद इलाके का रहने वाला था. युवक के आत्महत्या के कारणों का आभी पता नहीं चल सका है. तलैया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के नाम पर साइबर ठगी से रहें सावधान

**भोपाल.** प्रदेश में राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों के अभिभावकों से साइबर ठगों द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है. ठगों द्वारा स्वयं को बोर्ड से संबंधित बताकर परीक्षार्थियों को पास कराने के नाम पर धनराशि मांगी जा रही है. धोखाधड़ी की जा रही है. इधर, मामला सामने आने के बाद राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 0755 - 2671066 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि जिन नामों से फोन कॉल किए जा रहे हैं, उस नाम का कोई भी व्यक्ति राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड में कार्यरत नहीं है.